THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) to (b) Yes, Sir. According to the information furnished by the UGC, Academic Staff Colleges have been established at Bombay University; Pune University, Nagpur University and Dr. Babasaheb Ambedkar Marathwara University.

(c) Yes, Sir.

(d) Does not arise.

**केन्द्रीय विद्यालयों में पदोन्नति के उपरांत तैनाती**

4522. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन में पदोन्नति के उपरांत तैनाती को विनियमित करने वाले नियमों के अनुसार पदोन्नत होने वाले जो शिक्षक तीन वर्षों अथवा तीन वर्षों से कम समय में सेवा-निवृत्त हो रहे हैं, उन्हें रिक्तियां उपलब्ध होने की अवस्था में उनके वर्तमान विद्यालयों में ही तैनात किया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1997 के दौरान अनेक मामलों में प्रधानाचार्य ग्रेड-II के रुप में कार्यकारी पदोन्नति उपरान्त तैनाती के मामले में उक्त नियमों को कार्यान्वित नहीं किए जाने के क्या कारण हैं?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया):** (क) जी, हां। शासी बोर्ड द्वारा यथाअनुमोदित स्थानातंरण दिशा-दिंशों के नियम-II में यह प्रावधान है कि—

> शिक्षकों / उप-प्राचार्यों / पयार्यों / शिक्षा स्नातकोत्तर अधिकारियों / सहायक आयुक्तों, जिनकों सेवा निवृत्त होने में 3 वर्ष अथवा इससे कम हैं, को यदि वे पहले ही अपने मूल राज्य में कार्य कर रहे हैं और रिक्तियां उपलब्ध हैं तो उन्हें पदोन्नति / सीधी भर्ती पर बाहर तैनात नहीं किया जाएगा।"

(ख) रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर पदोन्नति प्राप्तकर्त्ताओं को स्थानांतरण दिशा-निर्देशों के अनुसार तैनाती प्रदान की गई थी।

**Seminar on Conservation of Monuments and Sites**

4523. DR. B.B. DUTTA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether A seminar on challenges in Conservation of Archaeological Monuments and Sites was held in Dehradun;

(b) if so, the details thereof;

(c) the suggestions made by the experts;

(d) whether Government propose to implement the suggestions; and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI S.R. BOMMAI): (a) and (b) Yes, Sir. A seminar on Challenges in Conservation was organised by Archaeological Survey of India and Indian Association for study of Conservation of Cultural Property.

(c) to (e) The various recommendations regarding creation of awareness among the general public for better appreciation of conservation needs, methods of scientific and structural conservation, regulating the flow of visitors, weekly rest of selected monuments, strengthening of infrastructure of Archaeological Survey of India are in different stages of implementation.

**शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद के व्यय का प्रतिशत**

4524. **श्री ओम प्रकाश कोहली:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद (जी० डी० पी०) का छः प्रतिशत भाग व्यय करने का निर्धारित लक्ष्य कब तक पूरा किया जाएगा;

(ख) इस समय सकल घरेलू उत्पाद का कितना प्रतिशत शिक्षा पर व्यय किया जा रहा है; और

(ग) नौवीं योजना के दौरान शिक्षा पर सकल घरेलू